**Code No. 03**

Total No. of Questions : 51 ] [ Total No. of Printed Pages : 7

**June/July, 2009**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes ] [ Max. Marks : 100

**सूचना :** i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है ।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है ।

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

1) घंटाघर के सामने किसकी मूर्ति रखी हुई है ?

2) उर्दू-कवियों ने किसका जिक्र किया है ?

3) औसतन 'उद्‌भवन काल' कितने वर्ष का माना जाता है ?

4) एक-एक अकालिया किनके बराबर होता है ?

5) नीलांबिका के पुत्र का नाम क्या था ?

6) यमराज के द्वार पर भौंकनेवाले कुत्ते को क्या कहा जाता है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $3 \times 3 = 9$

7) सफेद बाल उखाड़ने और खिजाब लगानेवाले परिचित व्यक्ति के बारे में लेखक ने क्या कहा है ?

8) एड्स से संबंधित जटिलताओं के बारे में लिखिए ।

9) लहना सिंह ने सूबेदारनी को दिए गए वचन को किस तरह निभाया ?

10) भ्रमण के लिए नक्शे से क्या मदद मिलती है ?

11) बसवेश्वर के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए ।

[ Turn over

II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा ? 4 × 1 = 4

12) "ये लोग यहाँ कैसे आ गए, जी ?"

13) "क्यों मेरे पहियों के नीचे आना चाहती है ?"

14) "गाली क्यों देगा, क्या उसका राज है ?"

15) "युवावस्था में किसी को विधवा बनाना युगधर्म नहीं है ।"

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 × 3 = 6

16) आखिर तू है किस घराने का नौकर, जो इस समय दिल्ली की नाक है ।

17) देखते हो, यह यूथ-भ्रष्ट है । रोज फुदकती है, ठीक यहीं आकर ।

18) पर जाड़ा किसी पिशाच की भाँति उसकी छाती को दबाये हुए था ।

19) उस लोक में मुझे कोई सुख नहीं मिला । कम से कम यहाँ मुझे सुख मिले ।

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

20) कबीर की संपत्ति क्या है ?

21) भरत किसके लिए सुंदर मेघ के समान है ?

22) राधा पवन से कृष्ण के भवन में क्या देखकर आने के लिए कहती है ?

23) किसका स्वर आकाश में फैल गया है ?

24) मंदिर-मस्जिद क्या बढ़ाते हैं ?

25) कवि का गीत क्या भुलाएगा ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 3 = 6

26) कबीर के अनुसार तीनों लोकों के ज्ञान का साक्षात्कार किस प्रकार होता है ?

27) भरत ने अयोध्या का राज्य-कार्य किस प्रकार चलाया ?

28) सिद्धार्थ के प्रति यशोधरा हार्दिक कामना कैसे व्यक्त करती है ?

29) कवि ने वसंत ऋतु के आगमन का वर्णन किस प्रकार किया है ?

इ) निम्नलिखित के ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2 × 4 = 8

30) करि गए थोरे दिन की प्रीति ।

कहँ वह प्रीति कहाँ यह बिछुरनि, कहँ मधुबन की रीति ।

अब की बेर मिलौ मनमोहन, बहुत भई विपरीति ।

**अथवा**

अखियाँ तरशा दरसण प्यासी ॥

मग जोवाँ विण बीतों सजणी, णैण पड्या दुखरासी ।

डारा बेठ्या कोयल बोलया, बोल सुण्या री गासी ।

कड़वा बोल लोक जग बोलया करस्याँ म्हारी हांसी ।

31) सीमा ही लघुता का बंधन

है अनादि तू मत घड़ियाँ गिन

मैं दृग के अक्षय कोषों से -

तुझमें भरती हूँ आँसू-जल !

सजल-सजल मेरे दीपक जल !

**अथवा**

धिक्कार तुझे, धिक्कार तुझे

क्यों बातों में तल्लीन हुआ

लुट रही कुटी, लुट रहे वसन

तू बृहन्मत्स्य मुख मीन हुआ ॥

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

32) किससे उलझना पुलिसवाले नापसंद करते हैं ?

33) मानिकचंद किस कार्य के लिए सामान लेने कस्बे गया था ?

34) कारिंद के गाँव का नाम क्या था ?

35) ग्रहण में किसका बड़ा महत्त्व है ?

36) मटरू ने भाभी की शादी किससे करवा दी ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 5 = 10

37) गोपीचंद ने अखाड़े में पहलवान जोखू को किस प्रकार हराया ?

38) भाभी की दयनीय स्थिति देखकर हलवाहे ने क्या कहा ?

39) विधवा विवाह की बात सुनकर माँ ने बड़ी बहू से क्या कहा ?

40) मटरू का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

V. अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 4 × 1 = 4

41) i) मेरे को गाँव में रहना पसंद है ।

ii) तुम्हारे से अभी रूकना है ।

iii) एक सज्जन ठहरने की जगह दी ।

iv) किसान ने गायों को भगायी ।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 4 × 1 = 4

( आनंद, मैना, कविता, अच्छा )

42) i) स्वास्थ्य बहुत .................... नहीं था ।

ii) गुरुदेव यहाँ बड़े .................... में थे ।

iii) उस .................. को क्या हो गया है, यही सोचता हूँ ।

iv) गुरुदेव ने बाद में एक .................... लिखी थी ।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 4 × 1 = 4

43) i) लड़कियाँ फूल चुनती हैं । ( वाच्य बदलिए )

ii) बच्चा मिठाई खाता है । ( वाच्य बदलिए )

iii) अध्यापक ने पाठ पढ़ाया । ( वर्तमानकाल में बदलिए )

iv) लड़ाई के समय लोग खूब धन कमाते हैं । ( भूतकाल में बदलिए )

ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44) i) | तू-तू मैं-मैं करना | a) | भाग जाना |
| ii) | त्राहि-त्राहि करना | b) | झगड़ा करना |
| iii) | दाँतों तले उँगली दबाना | c) | दुःख से तड़पना |
| iv) | नौ दो ग्यारह होना | d) | आश्चर्यचकित होना । |

[ Turn over

उ) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

45) पंडित, संयोजक ।

ऊ) निम्न के अन्य वचन रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

46) पति, चिनगारी ।

VI. निम्नलिखित अनुच्छेद का सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : 1 × 5 = 5

47) वैज्ञानिक उन्नति के कारण मानव सभ्यता की दीवार इतनी ऊँची हो गई है कि अब वह अपने बोझ से ही लड़खड़ाने लगी है । भौतिक उन्नति ने मनुष्य के भौतिक अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया है । यद्यपि विज्ञान की सहायता से मनुष्य वैभवपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा है, सुख समृद्धि के सभी उपाय उसके अधीन हो गए हैं, पर वह स्वयं भी स्वतन्त्र नहीं रहा । सवारी को ही लीजिए । आपके पास कार है, जहाँ चाहें थोड़े ही समय में पहुँच जायेंगे, परंतु कार खराब हो गई तो बुलाइए मिकैनिक को । हैं न आप उसके अधीन; बिजली से कमरा ठंडा कर लिया है । दिल्ली में ही शिमले का आनन्द ले रहे हैं; परंतु बिजली चली गई तो आपका जीवन नरक बन गया न !

**अथवा**

प्रधानाचार्य को आर्थिक सहायता ( छात्रवृत्ति ) के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए ।

48) निम्न के हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

a) Do not waste time, come soon.

ಸಮಯವನ್ನು ವ್ಯರ್ಥ ಮಾಡಬೇಡ, ಬೇಗ ಬಾ.

b) India's population is growing rapidly.

ಭಾರತದ ಜನಸಂಖ್ಯೆಯು ವೇಗವಾಗಿ ಬೆಳೆಯುತ್ತಿದೆ.

c) We should love our country.

ನಾವು ನಮ್ಮ ದೇಶವನ್ನು ಪ್ರೀತಿಸಬೇಕು.

d) We are living in an age of Science.

ನಾವು ವಿಜ್ಞಾನ ಯುಗದಲ್ಲಿ ವಾಸಿಸುತ್ತಿದ್ದೇವೆ.

e) The Taj Mahal is a very beautiful monument.

ತಾಜ್‌ಮಹಲ್ ಬಹಳ ಸುಂದರವಾದ ಸ್ಮಾರಕ.

VII. अ) निम्न के पद परिचय दीजिए : 1 × 3 = 3

49) राम कल घर से आएगा ।

आ) निम्नलिखित में उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए : 4 × 1 = 4

50) उपाय, क्रमण, यश, वन ।

इ) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग को अलग कर लिखिए : 3 × 1 = 3

51) उपदेश, अपवाद, नापसंद ।